an>

Title: Need to release arrears of salaries, gratuity and other allowances in respect of employees of Lal Imli Mill, Kanpur, Uttar Pradesh-laid.

श्री सत्यदेव पचौरी (**कानपुर**): मैं वर्ष 2019 से इस विषय को सदन में उठाता रहा हूँ, केंद्र सरकार के अधीन BIC की लाल इमली मिल में कार्यरत कर्मचारियों को जबरन रिटायर्मेंट दिलाने के बाद उनको मिलने वाले लाभ ग्रेच्युटी, आदि नहीं दिए गए हैं । जिन सरकारी आवास में कर्मचारी रह रहे हैं, उनका किराया मार्केट रेंट कर दिया है, अगर कर्मचारियों को बकाया वेतन नहीं दिया गया तो कर्मचारी भुखमरी की कगार पर होंगे । मेरा सरकार से अनुरोध है, अतिशीघ्र बकाया वेतन देने की कृपा करें l